# बिजली जाने पर अतिरिक्त सहायता मुफ़्त पाएं

प्राथमिकता सेवाओं के लिए रजिस्टर करें



**बिजली चली गई?**
**105 पर कॉल करें**

Scottish & Southern Electricity Networks

Powering our community

# उन लोगों के लिए अतिरिक्त सहायता जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है



**हम वे लोग हैं जो उन तारों और केबलों की देखभाल करते हैं जो पूरे उत्तरी स्कॉटलैंड और मध्य दक्षिणी इंग्लैंड के समुदायों में बिजली पहुंचाते हैं। हम वो कंपनी नहीं हैं जो आपको बिजली के बिल भेजती है – हमारा काम बिजली के नेटवर्क की देखभाल और मरम्मत करना है। हमारा काम जितना जल्दी और संभव हो पॉवर कट को ठीक करना भी है।**

हम जानते हैं कि बिजली जाना परेशानी भरा और कठिन हो सकता है, इसलिए हम अतिरिक्त सहायता और सहयोग मुफ़्त प्रदान करते हैं। अगर हमें पहले से पता हो आपको किस अतिरिक्त सहायता की जरूरत हो सकती है, तो हम आपकी ज्यादा बेहतर और तेज़ मदद कर सकते हैं। अगर आप प्राथमिकता सेवाओं के लिए रजिस्टर करना चाहें, भले ही अस्थायी रूप से, तो हमें **0800 294 3259** पर कॉल करें या साथ दिया फ़ॉर्म भरें।



## आप हमारे रजिस्टर में शामिल होने की इच्छा रख सकते हैं, अगर:

- आपको सुनाई नहीं देता या सुनने में कठिनाई है
- कोई अक्षमता है
- पांच साल से छोटे बच्चों के साथ रहते हैं
- देख नहीं सकते या थोड़ा बहुत देख सकते हैं
- कोई दीर्घकालिक बीमारी है
- बिजली से चलने वाले मेडिकल उपकरण/सहायक यंत्रों का इस्तेमाल करते हैं
- आपकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है
- अस्थायी रूप से अतिरिक्त सहायता की जरूरत है

**निश्चित तौर पर, सभी की अलग-अलग ज़रूरतें होती हैं, इसलिए अपनी आवश्यताओं पर चर्चा करने के लिए हमसे बेझिझक संपर्क करें।**

# हम क्या पेश करना चाहते हैं

## पहले से तय या अचानक होने वाले पॉवर कट के दौरान प्राथमिक उपचार

हमारी प्राथमिकता सेवाएं लाइन दिन के 24 घंटे उपलब्ध रहती है। यदि आवश्यक रखरखाव करने के लिए हमें आपकी बिजली बंद करने की आवश्यकता होगी, तो हम आपसे, या आपके नामांकित व्यक्ति से संपर्क करेंगे।

## स्थानीय आपातकालीन सेवाओं से संपर्क

हम अपने प्राथमिकता सेवा रजिस्टर में लोगों को अतिरिक्त सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय प्राधिकरणों, आपातकालीन सेवाओं और ब्रिटिश रेड क्रॉस जैसी एजेंसियों के साथ काम करते हैं।

## आपातकालीन पॉवर सप्लाई

अगर आप बिजली से चलने वाले मेडिकल उपकरण/सहायक यंत्रों का इस्तेमाल करते हैं, तो हमारा लक्ष्य लंबे समय तक बिजली ना आने के दौरान अतिरिक्त सहायता प्रदान करना है।

## आपकी ज़रूरतों के अनुकूल सुरक्षा सलाह

अनुरोध किए जाने पर, हम आपको आपकी आवश्यकताओं के अनुरूप प्रारूप, जैसे, ब्रेल, टेक्स्टफोन, ईज़ी रीड, ऑडियो सीडी या अंग्रेजी के अलावा कोई अन्य भाषा में सलाह देंगे कि बिजली कटौती के लिए तैयारी कैसे करें।

## आपके समुदाय के लिए प्रावधान

ज्यादा खराब मौसम होने और लंबे समय तक बिजली कटौती के दौरान, स्थानीय कल्याण वाहनों तक हमारी पहुंच हमें भोजन, पेय, गर्मी और चार्जिंग पॉइंट प्रदान करने के हमारे उद्देश्य में मदद करती है।

## मन की शांति

हम ऐसी सेवा प्रदान करते हैं जहां आप स्कॉटिश और दक्षिणी बिजली नेटवर्क के कर्मचारियों के साथ संपर्क करते समय उपयोग करने के लिए पासवर्ड की सहमति दे सकते हैं। इस तरह हम आपकी निजी सुरक्षा ओर घर की सुरक्षा का ध्यान रख सकते हैं।

**हमारी सभी प्राथमिकता सेवाएं मुफ़्त हैं**

# मुफ़्त ऊर्जा दक्षता सहायता

## हम इस बारे में आपके लिए मुफ़्त विशेषज्ञ सलाह की व्यवस्था कर सकते हैं:

- ऊर्जा बचाना और बिल कम करना
- ऊर्जा आपूर्तिकर्ताओं को बदलना
- इंसुलेशन या ऊर्जा बचाने के उपायों के लिए फंडिंग या ग्रांट
- मुफ़्त लाभ पात्रता जांच सहित, उपलब्ध वित्तीय सहायता
- अपने घर में हीटिंग, गर्म पानी, उपकरणों, प्रकाश व्यवस्था और थर्मोस्टैट्स का अधिकतम लाभ उठाना

### ये मुफ़्त सेवाएं पाने के चार तरीके:

1. हमें **0800 294 3259** पर मुफ़्त में कॉल करें और हम आपके लिए होम एनर्जी स्कॉटलैंड (HES) या YES एनर्जी सॉल्यूशंस (YES) से पूरी तरह से मुफ़्त में सही मदद की व्यवस्था करेंगे।
2. **ssen.co.uk/energyadvice** पर जाएं और ऑनलाइन फ़ॉर्म भरें
3. पीछे दिए गए बॉक्स में निशान लगाएं जिससे हम आपके विवरण HES या YES को भेज सकें ताकि वे आपको कॉल कर सकें
4. या अगर आप इंग्लैंड में हैं, तो आप **03301 359 110** पर YES एनर्जी सॉल्यूशंस को सीधे कॉल कर सकते है। (कॉल पर स्थानीय दर से शुल्क लिया जाता है)

# प्राथमिकता सेवाओं के लिए आज ही रजिस्टर करें

## फ़ॉर्म भरें या मुफ़्त में कॉल करें

0800 294 3259

0800 316 5457 टेक्स्टफ़ोन

ssen.co.uk/psr

## बिजली जाने पर तैयार रहें

- कुछ गरम कपड़े और बैटरी से चलने वाली टॉर्च तैयार रखें।
- यह देख लें कि किसी भी मेडिकल उपकरण के लिए आपके पास बैकअप पॉवर हो।
- चेक कर लें कि आपकी लिफ़्ट हाथों से चलायी जा सकती है या उसमें बैटरी बैक-अप हो।
- यह पक्का करें कि आपका मोबाइल फ़ोन चार्ज हो ताकि बिजली जाने पर आप 105 पर कॉल कर सकें।

**बिजली चली गई?**
**105 पर कॉल करें**

Scottish & Southern Electricity Networks

/ssencommunity @ssencommunity

स्कॉटिश और दक्षिणी विद्युत नेटवर्क इसके ट्रेडिंग नाम हैं: स्कॉटिश एंड सदर्न एनर्जी पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड स्कॉटलैंड नंबर SC213459 में पंजीकृत; स्कॉटिश हाइड्रो इलेक्ट्रिक ट्रांसमिशन पीएलसी स्कॉटलैंड में पंजीकृत नंबर SC213461; स्कॉटिश हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर डिस्ट्रीब्यूशन पीएलसी स्कॉटलैंड पंजीकृत नंबर SC213460 (सभी के पंजीकृत कार्यालय Inveralmond House 200 Dunkeld Road Perth PH1 3AQ में हैं); और दक्षिणी इलेक्ट्रिक पावर डिस्ट्रीब्यूशन पीएलसी इंग्लैंड और वेल्स नंबर 04094290 में पंजीकृत है, जिसका पंजीकृत कार्यालय नंबर 1 Forbury Place 43 Forbury Road Reading RG1 3JH पर है जो एसएसई समूह www.ssen.co.uk के सदस्य हैं।

# प्राथमिकता सेवाएं रजिस्ट्रेशन फ़ॉर्म

**उन लोगों के लिए संपर्क के विवरण**
जिन्हें पॉवर कट के दौरान ज़्यादा मदद की ज़रूरत हो सकती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| शीर्षक | | पहला नाम | |
| | | उपनाम | |
| पता | | | |
| | | पिनकोड | |
| घर का फ़ोन नंबर | | | |
| मोबाइल फ़ोन नंबर | | | |
| टेक्स्टफ़ोन | | | |

**होम विजिट सुरक्षा**
(अधिकतम 10 अक्षर)
यदि आप चाहते हैं कि हम आपसे मिलें तो आप पासवर्ड इस्तेमाल करें, तो वह पासवर्ड यहां दर्ज करें:

**मेरा नामांकित संपर्क** (अगर लागू हो)
परिवार के सदस्य या दोस्त जिनसे हम आपकी ओर से संपर्क कर सकते हैं

| | | | |
|---|---|---|---|
| शीर्षक | | पहला नाम | |
| | | उपनाम | |
| घर का फ़ोन नंबर | | | |
| मोबाइल फ़ोन नंबर | | | |
| टेक्स्टफ़ोन | | | |
| संबंध | | | |

हम आपके डेटा को कैसे एकत्रित, संग्रहीत और संसाधित करते हैं, इस बारे में जानकारी के लिए, **ssen.co.uk/PrivacyNotice/** पर हमारी गोपनीयता सूचना देखें (कागजी प्रतिलिपि का अनुरोध करने के लिए हमसे संपर्क करें)।

अगर आपको अब प्राथमिकता सेवाओं की ज़रूरत नहीं है, तो हमें **0800 294 3259** पर कॉल करें या **0800 316 5457** पर टेक्स्टफ़ोन से संपर्क करें या **Networks.Priority.Services@sse.com** पर संपर्क करें। हम आपको रजिस्टर से हटा देंगे।

# प्राथमिकता सेवाएं रजिस्ट्रेशन फ़ॉर्म

**मेडिकल उपकरण/सहायक यंत्र जो बिजली से चलते हैं** उपकरण का प्रकार

**रजिस्टर करने का कारण** (लागू होने वाले सभी बॉक्स पर निशान लगाएं)

| | | | |
|---|---|---|---|
| ☐ दीर्घकालिक बीमारी | ☐ दृष्टिहीन | ☐ कम दिखना | ☐ 60 की उम्र से अधिक |
| ☐ बोलने में कठिनाई | ☐ विकास संबंधी समस्या | ☐ डिमेंशिया/संज्ञानात्मक बधिरता | ☐ शारीरिक अक्षमता |
| ☐ मानसिक स्वास्थ्य | ☐ सुनने में कठिनाई / बधिरता | ☐ हाथों की सीमित गतिविधि | ☐ 5 साल से छोटे बच्चों के साथ रहते हैं |
| ☐ गंध/स्वाद ठीक से ना पहचान पाना | ☐ दरवाजा ना खोल पाना | ☐ अतिरिक्त उपस्थिति वांछित | ☐ पानी पर निर्भर |
| **अस्थायी:** | ☐ जीवन में बदलाव | ☐ हॉस्पिटल से छुट्टी मिलने के बाद आराम | ☐ युवा वयस्क परिवार का सदस्य <18 |

**अन्य कारण जिनकी वजह से आपको अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता हो सकती है** (ज़रूरत हो तो ज्यादा विवरण दें)

**अगर अंग्रेज़ी आपकी मातृभाषा नहीं है, तो कौन सी है?**

**आपको हमारे बारे में कैसे पता चला?**

## आपके लिए इस फ़ॉर्म को साइन करने का क्या मतलब है

इस फ़ॉर्म पर हस्ताक्षर करके आप पुष्टि कर रहे हैं कि आप समझते हैं कि किसी आपातस्थिति के दौरान हमें आपके विवरण तीसरे पक्ष को देने की आवश्यकता हो सकती है ताकि हम आपको प्राथमिकता सेवाएं प्रदान कर सकें; इसमें ब्रिटिश रेड क्रॉस, स्थानीय प्राधिकरण या आपातकालीन सेवाएं शामिल हो सकती हैं। यदि आपके पास नामांकित व्यक्ति है, तो आप प्राथमिकता सेवाएं प्रदान करते समय अपनी ओर से आपके नामांकित व्यक्ति से बात करने के लिए स्पष्ट सहमति दे रहे हैं। इसका मतलब यह हो सकता है कि हम उनके साथ आपके और आपकी आपूर्ति के बारे में जानकारी साझा करेंगे।

आपकी सहमति से, हम आपके विवरण आपके ऊर्जा आपूर्तिकर्ता और गैस ट्रांसपोर्टर को दे सकते हैं जो प्राथमिकता सेवाएं भी प्रदान कर सकते हैं जिनसे आप लाभान्वित हो सकते हैं।

☐ **मैं अपने विवरण साझा करने की सहमति देता/देती हूं**

## आपकी जानकारी साझा करना

आपकी सहमति से हम आपके संपर्क विवरण केवल Home Energy Scotland या YES Energy Solutions (यदि आप इंग्लैंड में हैं) को देंगे ताकि वे आपसे संपर्क कर सकें और आपको आपके घर में गर्म रखने और आपके पैसे बचाने में मदद करने के लिए मुफ़्त सलाह प्रदान कर सकें।

☐ **मैं होम एनर्जी स्कॉटलैंड (स्कॉटलैंड के लिए) या YES एनर्जी सॉल्यूशंस (इंग्लैंड के लिए) के साथ साझा करने के लिए सहमत हूं।**

उस व्यक्ति के हस्ताक्षर जो अतिरिक्त सहायता के लिए पंजीकरण कर रहा है या उसके पास कार्रवाई करने का कानूनी अधिकार है

**तारीख** ____________ **हस्ताक्षर** ____________

अगर आप रजिस्टर कर रहे व्यक्ति की ओर से हस्ताक्षर कर रहे हैं, तो कृपया ऐसा करने के अपने कानूनी अधिकारी की प्रति भी शामिल करें।

**कृपया यहां भेजें:**

Priority Services, Scottish and Southern Electricity Networks, FREEPOST, RTGH-TXXT-ZAEG, Inveralmond House, 200 Dunkeld Road, Perth, PH1 3AQ